गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

समुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा रा.से.यो. का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न

पन्तनगर। 16 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, सामुदायिक विज्ञान इकाई द्वारा 'महिला सशक्तिकरणः ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार की ओर एक कदम' नामक शीर्षक पर सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चकफेरी कालोनी में सम्पन्न किया गया, जिसका आयोजन सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 10–16 फरवरी तक किया गया। उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण एवं आर्थिक उत्थान था। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डा. अभिषेक तोमर थे। इस सात–दिवसीय विशेष शिविर के दौरान सामुदायिक विज्ञान इकाई ने महिलाओं को पापड़ एवं चिप्स, वस्त्र निर्माण, कशीदाकारी बुनाई, रंगाई छपाई एवं सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया। इस कैंप में महिलाओं को पशुपालन एवं पोषक वाटिका द्वारा आय अर्जन के बारे में बताया। डा. अल्का गोयल ने प्रशिणार्थियों को बताया की महिलायें प्रशिक्षण प्राप्त कर लघु उद्योग स्थापित कर सकती हैं एवं उन्हें रोजगार करने के लिए प्रेरित किया। डा. सोनू रानी राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी ने विभिन्न कुटीर उद्योगों द्वारा आय अर्जन करना बताया।

इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वयं सेवको ने चकफेरी कालेनी एवं विश्वविद्यालय परिसर में रैली निकाली एवं नारे लगाकर जन समूह को महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार के संदर्भ में जागरूक किया। तत्पश्चात डा. अल्का गोयल एवं डा. अभिषेक तोमर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्वंय सेवकों की सराहना की। उक्त कार्यक्रम में डा. श्वेता राय, डा. प्रतिभा, डा. विनीता राठौड़, डा. दिशा पंत, डा. संध्या रानी, श्रीमती मधु सिंह एवं श्रीमती गीता उप्रेती आंगवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहे।

शिविर में पौधरोपण करते विद्यार्थी एवं अधिकारी।

निदेशक संचार